# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05 जुलाई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- हाथरस हादसे में आयोजन समिति के छह सदस्य गिरफ्तार। मुख्य आरोपी सेवादार वेद प्रकाश मधुकर पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित।
- हादसे की जांच के लिए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग गठित।
- बीस जुलाई को पूरे प्रदेश में चलेगा एक पेड़ मां के नाम अभियान। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभियान के तहत किया पौधरोपण।
- नीति आयोग ने सम्पूर्णता अभियान की शुरूआत की। प्रदेश के आठ जिलों और अड़सठ विकास खंडों को अभियान में किया गया है शामिल।
- मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज और कल भारी बारिश का जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

**********

हाथरस भगदड़ हादसे में पुलिस ने आयोजन समिति के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिला और चार पुरूष शामिल हैं। यह सभी बतौर सेवादार आयोजन के दौरान काम कर रहे थे। अलीगढ़ के आईजी शलभ माथुर ने कल प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। श्री माथुर ने बताया कि फरार मुख्य आरोपी सेवादार वेद प्रकाश मधुकर पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित किया गया है और आरोपी के खिलाफ नॉनबेलेबल वारेंट भी जारी किया जायेगा।

***छह लोगों की गिरफ्तारी हुई है, अलग–अलग जगह के रहने वाले हैं वो लोग, जो मुख्य अभियुक्त है प्रकाश मधुकर है उनके ऊपर एक लाख की गिरफ्तारी का आदेश किया जा रहा है। एक लाख का जो पुरस्कार है वो घोषित किया जा रहा है। शीघ्र उनके ऊपर कार्रवाई की जायेगी। इसमें खासतौर से विवेचना में भी इस चीज को देखा जायेगाकि कोई आपराधिक षडयंत्र किसी व्यक्ति द्वारा या किसी संस्था द्वारा यह किसी साजिश का तो हिस्सा नहीं है।***

आईजी माथुर ने बताया कि मामले में जान गवाने वाले सभी 121 मृतकों की पहचान कर ली गई है। इनमें 112 महिलाएं, दो पुरूष, एक बच्ची और 6 बच्चे शामिल हैं। आईजी माथुर ने बताया कि मृतक विभिन्न राज्यों के तेईस जनपदों से ताल्लुक रखते हैं।

***121 जो मृतक है उन सभी की शिनाख्त हो चुकी है। इसमें जनपद हाथरस के 19, बदायूं के 6 हैं, ललितपुर के एक है, कासगंज के दस हैं, अलीगढ़ के 17 हैं सहारनपुर के पांच हैं, आगरा के 18 हैं, फिरोजाबाद एक, गौतमबुद्धनगर एक हैं, एटा से 10 हैं, मथुरा 11, औरैया दो, बुलंदशहर पांच, पीलीभीत दो, सम्भल दो, लखीमपुर एक, उन्नाव एक, गाजियाबाद एक, ग्वालियार एक, मुरैन मध्यप्रदेश एक, अलवर हरियाणा में एक, फरीदाबाद हरियाणा 4 टोटल 121 की संख्या है।***

आईजी माथुर ने बताया कि नारायण सरकार उर्फ भोलेबाबा से अगर जरूरत पड़ी तो पूछताछ की जायेगी। जांच में आगे अगर किसी की भूमिका पाई जायेगी तो निश्चित ही कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि भोलेबाबा के आपराधिक इतिहास की जानकारी ली जा रही है। उनके नाम पर कार्यक्रम की अनुमति नहीं ली गई थी, इसलिए आयोजक के नाम पर मामला दर्ज किया गया है।

उधर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी हाथरस जाकर भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि हाथरस का हादसा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों से राहुल गांधी मुलाकात कर सांत्वना व्यक्त करेंगे।

**********

हाथरस हादसे की न्यायिक जांच के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन कर दिया गया है। प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया है। न्यायिक जांच आयोग में रिटायर्ड आईएएस हेमंत राव और रिटायर्ड आईपीएस भवेश कुमार सिंह को सदस्य नियुक्त किया गया है। इसका मुख्यालय लखनऊ में होगा। आयोग नोटिफिकेशन जारी होने की तारीख से दो माह की अवधि के भीतर जांच पूरी करेगा। इसकी अवधि में किसी प्रकार का परिवर्तन राज्य सरकार के आदेश पर ही किया जा सकेगा। नोटिफिकेशन के अनुसार, आयोग हाथरस घटना की जांच करेगा और जांच के बाद निर्धारित बिंदुओं पर राज्य सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। इसमें कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा, जिला प्रशासन की ओर से प्रदान की गई अनुमति एवं उसमें दी गई शर्तों के अनुपालन की जांच शामिल है। साथ ही, आयोग यह घटना कोई दुर्घटना है अथवा कोई षड्यंत्र या अन्य कोई सुनियोजित आपराधिक साजिश है, इसकी भी पड़ताल करेगा। इसके अतिरिक्त भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के संबंध में भी आयोग सुझाव देगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लखनऊ स्थित अपने आवास पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 जुलाई को पूरे प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों के यहां भी पौधे लगाये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी घरों में सहजन के पेड़ लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि हर कोई मां के नाम एक पेड़ जरूर लगाए।

***20 जुलाई को पूरे प्रदेश में जितनी प्रदेश की आबादी है हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर वृक्षारोपण महाभियान में हिस्सा बन करके एक पेड़ जरूर लगायें। इसके लिए हमारे पास 54 करोड़ पौध हम लोगों ने प्रदेश की नर्सरियों में तैयार किया है और प्रदेश की नर्सरियों में ये हर तरह के पेड़ हैं जो पर्यावरण के लिए अत्यंत उपयोगी है। पीपल, पाकड़, बरगद, नीम, देशी आम, जामुन ऐसे ही शीशम है, सागौन है, इसके साथ–साथ प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों के घर में हम लोग सहिजन का एक पौधा निःशुल्क उपलब्ध करवाने का कार्य कर रहे हैं। सहिजन किसी भी व्यक्ति के लिए बहुत उपयोगी है।***

**********

नीति आयोग द्वारा कल से तीन महीने तक चलने वाले सम्पूर्णता अभियान की शुरुआत हो गयी है। इस अभियान में उत्तर प्रदेश में आठ जिलों और अड़सठ विकास खंडों को शामिल किया गया है। पहले दिन कल प्रदेश के श्रावस्ती, प्रयागराज, अंबेडकरनगर और कुशीनगर में अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान तीस सितंबर दो हजार चौबीस तक चलेगा। इसके तहत छह प्रमुख संकेतकों पर आधारित मानकों को हासिल करने के लिए आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में काम किए जाएंगे।

श्रावस्ती के जमुनहा आकांक्षी ब्लॉक में सम्पूर्णता अभियान की शुरुआत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने की। इस मौके पर जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत ब्लॉक में चयनित छह बिंदुओं पर सौ प्रतिशत काम पूरे किए जाएंगे।

प्रयागराज के कोरांव ब्लॉक में सम्पूर्णता अभियान की शुरुआत के मौके पर कार्यक्रम प्रभारी और नीति आयोग के नोडल अधिकारी हर्षित मिश्र ने इस अभियान के बारे में जानकारी दी और जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान में प्रयागराज के दो विकासखंड बहरिया और कोरांव शामिल हैं।

**********

कुशीनगर के विकासखण्ड विशुनपुरा में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अंतर्गत खण्ड विकास अधिकारी और नीति आयोग शोधार्थी प्रवीण अग्निहोत्री ने पंचायतों में भ्रमण कर सम्पूर्णता अभियान के उद्देश्यों से जनमानस को अवगत कराया। अंबेडकरनगर में जिलाधिकारी अविनाश कुमार सिंह ने अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सम्पूर्णता अभियान विकासखंड टांडा और भीटी में आज और विकासखंड भियांव में कल आयोजित किया जाएगा। देवरिया के विकासखंड गौरी बजार में अभियान का शुभारंभ आज किया जाएगा। सम्पूर्णता अभियान जिन प्रमुख संकेतकों पर ध्यान देगा, उनमें देखभाल के लिये पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, मधुमेह से पीड़ित लोगों का प्रतिशत, हाइपरटेंशन से पीड़ित व्यक्तियों का प्रतिशत, ऐसी गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, जिन्हें अतिरिक्त पोषण प्रदान किया जा रहा है तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जाने और ऐसे स्वयं सहायता समूहों का प्रतिशत शामिल है जिन्हें प्रखंड स्तर पर राशि दी गई है।

**********

प्रदेश में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले कुछ दिनों तक बारिश ऐसे ही होती रहेगी। विभाग ने अगले दो दिनों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में वज्रपात के साथ भारी बारिश की आशंका है। मौसम विभाग के मुताबिक आज गोरखपुर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, महराजगंज, कुशीनगर, बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर में भारी बारिश हो सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश और वज्रपात के अलर्ट को देखते हुए कुछ जिलों में विद्यालय कल तक के लिये बन्द कर दिये गये हैं।

**********